रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग I—खण्ड 1
PART I—Section 1
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 249] नई दिल्ली, शुक्रवार, अक्तूबर 17, 2014/आश्विन 25, 1936
No. 249] NEW DELHI, FRIDAY, OCTOBER 17, 2014/ASVINA 25, 1936

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

(वाणिज्य विभाग)

(पाटनरोधी एवं संबद्ध शुल्क महानिदेशालय)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 16 अक्तूबर, 2014

अंतिम जांच परिणाम

विषय : चाइनीज ताइपेई के मूल के अथवा वहां से निर्यातित "पेन्टाइरायथ्रिटाल" के आयातें पर अधिरोपित पाटनरोधी शुल्क की निर्णायक समीक्षा।

सं.15/19/2012-डीजीएडी.—समय-समय पर यथासंशोधित सीमाशुल्क प्रशुल्क अधिनियम, 1975 (जिसे एतद्पश्चात अधिनियम कहा गया है) और उसके अंतर्गत बने सीमा शुल्क प्रशुल्क (पाटित वस्तुओं की पहचान, उन पर पाटरोधी शुल्क का आकलन एवं संग्रहण तथा क्षति निर्धारण) नियमावली, 1995 (जिसे एतद्पश्चात नियमावली या पाटनरोधी नियमावली कहा गया है) को ध्यान में रखते हुए :

क. मामले की पृष्ठभूमि

2. यत:, निर्दिष्ट प्राधिकारी (जिन्हें एतद्पश्चात प्राधिकारी कहा गया है) द्वारा, चाइनीज ताइपेई, कनाडा और जापान के मूल के अथवा वहां से निर्यातित "पेनटाइरायथ्रिटाल" (जिन्हें एतद्पश्चात संबद्ध वस्तु कहा गया है) के आयातों से संबंधित पाटनरोधी जांच मूलत: दिनांक 22.11.2001 की अधिसूचना सं.48/1/2001-डीजीएडी के तहत प्रारंभ की गई थी। उस जांच में दिनांक 08 अक्तूबर, 2002 की अंतिम जांच परिणाम अधिसूचना सं.48/1/2001-डीजीएडी के तहत प्राधिकारी द्वारा की गई सिफारिश के आधार पर केंद्रीय सरकार द्वारा इन देशों के मूल के अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तु के आयातों पर दिनांक 31.10.2002 की अधिसूचना सं. 119/2002-सीमाशुल्क के तहत पाटनरोधी शुल्क का अधिरोपण किया था।

3. यत:, प्राधिकारी द्वारा केवल चाइनीज ताइपेई और जापान के मूल के अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तु के आयातों के संबंध में एक निर्णायक समीक्षा जांच दिनांक 15 मार्च, 2007 की अधिसूचना सं. 15/07/2006-डीजीएडी के तहत प्रारंभ की थी। प्राधिकारी ने अपनी

दिनांक 6 मार्च, 2008 की अंतिम जांच परिणाम 25 मार्च, 2008 की शुद्धिपत्र अधिसूचना सं.15/7/2006-डीजीएडी के तहत संशोधन किया था, चाइनीज ताइपेई और जापान से संबद्ध वस्तु के आयातों पर पाटनरोधी शुल्क के सतत अधिरोपण की सिफारिश की थी और केंद्रीय सरकार ने चाइनीज ताइपेई और जापान मूल के अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तु के आयातों पर दिनांक 28 अप्रैल, 2008 की अधिसूचना संख्या 55/2008-सीमाशुल्क के तहत पाटनरोधी शुल्क अधिरोपित किया था।

4. यत:, प्राधिकारी ने चाइनीज ताइपेई के मूल के अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तु के आयातों के बारे में मध्यावधि समीक्षा जांच दिनांक 22 जून, 2010 की अधिसूचना सं. 15/10/2010-डीजीएडी के तहत प्रारंभ की और दिनांक 17 जून, 2011 की अधिसूचना सं. 15/10/2010-डीजीएडी के तहत चाइनीज ताइपेई के मूल के अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तु के आयातों पर अधिरोपित पाटनरोधी शुल्क को संशोधित करने की सिफारिश की। प्राधिकारी की सिफारिशों के आधार पर केंद्रीय सरकार ने संबद्ध वस्तु के चाइनीज ताइपेई से आयातों पर दिनांक 12 अगस्त, 2011 की अधिसूचना सं. 74/2011-सीमा शुल्क के तहत संशोधित पाटनरोधी शुल्क अधिरोपित किया था।

5. यत:, मैसर्स कनोरिया कैमिकल्स एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड (जिन्हें एतद्पश्चात आवेदक कहा गया है) ने अधिनियम एवं नियमों के अनुसार प्राधिकारी के समक्ष एक विधिवत साक्ष्यांकित आवेदनपत्र चाइनीज ताइपेई और जापान के मूल के अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तु के पाटन की निरंतरता/पुनरावृत्ति की संभावना होने तथा उसके परिणामस्वरूप घरेलू उद्योग को होने वाली क्षति का आरोप लगाते हुए दायर किया है और चाइनीज ताइपेई एवं जापान के मूल के अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तु के आयातों पर अधिरोपित पाटनरोधी शुल्क की समीक्षा करने उसकी निरंतरता बनाए रखने तथा उसमें संवृद्धि करने का अनुरोध किया है। तथापि, उसके कुछ समय पश्चात आवदेक ने अपने आवेदनपत्र में जापान का नाम वापस ले लिया।

6. घरेलू उद्योग की ओर से दायर विधिवत साक्ष्यांकित आवेदन पत्र के मद्देनजर और पाटनरोधी नियमावली के नियम 23 के साथ पठित अधिनियम की धारा 9क(5) के अनुसार प्राधिकारी ने चाइनीज ताइपेई (जिन्हें एतद्पश्चात संबद्ध वस्तु कहा गया है) के मूल के अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तु के बारे में प्रभावी पाटनरोधी शुल्क की निरंतरता बनाए रखने की जरूरत की समीक्षा करने और यह जांच करने के लिए दिनांक 25 अप्रैल, 2013 की अधिसूचना सं.15/19/2012-डीजीएडी के तहत एक निर्णायक समीक्षा जांच प्रारंभ की कि क्या इस शुल्क को समाप्त कर देने से पाटन एवं घरेलू उद्योग को क्षति की निरंतरता बने रहने अथवा उसकी पुनरावृत्ति होने की संभावना है। संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु के आयातों पर पाटनरोधी शुल्क की वैधता को केंद्रीय सरकार द्वारा दिनांक 25.06.2013 की अधिसूचना सं.13/2013- सीमा शुल्क के तहत दिनांक 27.04.2014 तक बढ़ा दी है।

7. वर्तमान समीक्षा के दायरे में वह सभी पहलू शामिल होंगे जो संबद्ध देशों के मूल के अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तु के आयातों के संबंध में विगत जांच में शामिल थे।

ख. प्रक्रिया

8. इस जांच में निम्नलिखित वर्णित प्रक्रिया का अनुसरण किया गया है :

(i) प्राधिकारी में पाटनरोधी नियमावली के अनुसार जांच की कार्रवाई प्रारंभ करने से पहले संबद्ध देश के मूल के अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तु के पाटन का आरोप लगाते हुए एक आवेदनपत्र की प्राप्ति के सबंध में भारत में संबद्ध देश राजदूतावास को अधिसूचित किया।

(ii) प्राधिकारी ने संबद्ध देश के मूल के अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तु के आयातों के संबंध में निर्णायक समीक्षा पाटनरोधी जांच प्रारंभ करते हुए दिनांक 25 अप्रैल, 2013 को भारत के राजपत्र, असाधारण में प्रकाशित एक सार्वजनिक सूचना जारी की।

(iii) प्राधिकारी ने इस सार्वजनिक सूचना की एक प्रति के साथ एक पत्र सभी ज्ञात निर्यातकों तथा अन्य हितबद्ध पक्षकारों/उद्योग एसोसिएशनों (जिनके विवरण घरेलू उद्योग द्वारा उपलब्ध कराए गए थे) को प्रेषित की और उन्हें पाटनरोधी नियमावली के अनुसार निर्धारित समय सीमा के अंदर अपने विचारों से लिखित रूप से अवगत कराने का अवसर प्रदान किया।

(iv) प्राधिकारी ने आवेदनपत्र के अगोपनीय पाठ की प्रति पाटनरोधी नियमावली के अनुसार संबद्ध देश में सभी ज्ञात निर्यातकों को उपलब्ध कराई। इस आवेदनपत्र की एक प्रति अनुरोध करने पर अन्य हितबद्ध पक्षकारों को भी उपलब्ध कराई गई।

(v) संबद्ध देश में निर्यातकों/उत्पादकों को प्रेषित पत्र एवं निर्यातक प्रश्नावलियों की प्रतियां ज्ञात निर्यातकों/उत्पादकों की एक सूची के साथ भारत में संबद्ध देश के राजदूतावास को यह अनुरोध करते हुए प्रेषित की कि वे संबद्ध देश के सभी ज्ञात निर्यातकों/उत्पादकों तथा संबद्ध देश के अन्य निर्याताकों/उत्पादकों को यह सुझाव दें कि वे निर्धारित समय-सीमा के अंतर्गत प्रश्नावलियों का प्रत्युत्तर दें।

(vi) प्राधिकारी ने पाटनरोधी नियमावली के अनुसार संबद्ध देश में जानकारी प्रदान कराने के लिए प्रेषित की :

क. पर्सटार्प कैमिकल्स एशिया पीटीई लिमिटेड ताईवान

ख. मैसर्स ली चांग यांग कैमिकल इंडस्ट्री कारपोरेशन

ग. ताईपेई प्लसकेम इंडस्ट्रियल कंपनी

घ. पैरेला कैमिकल कंपनी लिमिटेड

(vii) तथापि किसी भी निर्यातक ने न तो निर्यातक प्रश्नावली का उत्तर दिया और न ही कोई अन्य प्रस्तुतिकरण किया।

(viii) प्राधिकारी ने इस सार्वजनिक सूचना की एक प्रति संबद्ध वस्तु के भारत में ज्ञात आयातकों/उपयोक्ताओं/उपयोक्ता एसोसिएशनों (जिनके नाम और पते प्राधिकारी को उपलब्ध कराए गए थे) को प्रेषित की और उन्हें यह सलाह दी गई कि वे नियम 6(4) के अनुसार इस पत्र के जारी होने की तारीख से चालीस दिनों के अंदर अपने विचारों से लिखित रूप से अवगत करा दें।

प्रयोक्ता एसोसिएशन

क. इंडियन पेन्ट्स एसोसिएशन, 4, इंडिया एक्सचेंज प्लेस, कलकत्ता

ख. इंडियन रेजिन मैन्यूफैक्चरर्स एसोसिएशन मार्फत यूनाइटेड इंक एंड वर्निस कपंनी लिमिटेड 37/40 सुभाष रोड, विले पार्ले (ईस्ट) मुंबई

ग. इंडियन स्माल स्केल पेंट एसोसिएशन, 104, शुभम सेंटर नं. 1बी, कार्डिनल ग्रेसियस रोड, चकाला, अंधेरी (पूर्व) मुंबई।

आयातक/प्रयोक्ता

क. एडिसन पेन्ट्स एंड कैमिकल्स लिमिटेड, हुजूर गार्डन, सेम्बियम, चेन्नई, तमिलनाडु

ख. बर्जर पेन्ट्स इंडिया लिमिटेड, एपीजे हाउस, डी. वाचा रोड, मुंबई

ग. सेन्चुरी एन्का लिमिटेड, भक्तावर, नरीमन प्वांइट, मुंबई

घ. सीवा स्पेशियलिटी कैमिकल्स (इंडिया) लिमिटेड, जवरोज अपार्टमेंट्स बी. देसाई मार्ग, मुंबई

ङ. कोट्स आफ इंडिया लिमिटैड, मैग्नम टावर्स, लोखण्डवाला काम्प्लेक्स, मुंबई

च. डेकरो पेन्ट्स, प्लाट नम्बर 154 156, फेज V, इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट एरिया, जीदीमेटला हैदराबाद

छ. दुजोडवालापेपर कैमिकल्स लिमिटेड ग्राम अटकरगांव, तहसील खालापुर खापोली 410 203 जिला रायगढ़

ज. गार्गी इंडस्ट्रीज प्राप, डी-136, टीटीसी, इंडस्ट्रियल एरिया, बी/एच नाबेल –पेंट्स आफ थाणे, बेलापुर रोड, जिला थाणे, नवी मुंबई

झ. गुडलैस नैरोलक पेंट्स लिमिटेड, नैरोलक हाउस, जी कदम मार्ग, मुंबई

ञ. हार्डकैसल एंड वौड मैन्यूफैक्चरिंग कंपनी लिमिटेड, बारबोर्न स्टेडियम, वी. नरीमन रोड, मुंबई

ट. हीरो डाई केम इंडस्ट्रीज, ओम डेयरी महाड नम्बर 3, ब्लॉक 18, 10वां तल, 80 नीपेन्सी रोड, मुंबई

ठ. हिन्दुस्तान इंक्स एंड रेजिन्स लिमिटेड, अपोलो एस्टेट, मोगरा पाडा रोड, मुंबई

ड. आईपीवी लिमिटेड, डी 19, एमआईडीसी इंडस्ट्रियल एरिया, बोयसर, थाणे महाराष्ट्र

ढ. जैनसन एंड निकलसन (आई) लिमिटेड, 225 एजेंसी, बोस रोड, कोलकाता

ण. मित्सु इंडस्ट्रीज लिमिटेड, मिडास सहार प्लाजा, जेबी नगर, मुंबई

त. पारस डाईज एंड कैमिकल्स, डालामल चैम्बर्स, 17 वी. ठाकरसी रोड मुंबई

थ. रेजिन एंड पिग्मेट्स, प्लाट सं. 13, 14, सेक्टर 11, इंडिस्ट्रियल एरिया, पीष्मपुर, मध्य प्रदेश

द. पर्सटापर्स कैमिकल्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, प्रथम पोखरन रोड, आफ ईस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे वापी

ध. एवीएम सेल्स प्राइवेट लिमिटेड, 4 गणेश चन्द्र एवेन्यू, 7वां तल, कोलकाता

न. अलकान इंटर प्राइजेज, 11ए बहू बाजार स्ट्रीट, कोलकाता

प. कैमि कलर एजेंसी, 12 बोन फील्ड लेन, कोलकाता

फ. ईस्ट कार्प इंटरनेशनल, 28 अमरतल्ला स्ट्रीट कोलकाता

ब. गरवारे पालिएस्टर लिमिटेड, ईडेन हाल, एनीबेसेंट रोड वोर्ली, मुंबई

भ. एच आर ट्रेडिंग कंपनी लिमिटेड मुक्ति चैतन्य सीएचएस, सैमुअल सट्रीट, मुंबई

म. लियो कैमप्लास्ट प्राइवेट लिमिटेड, आगरा रोड, इंडस्ट्रियल एस्टेट, घाटकोपर मुंबई

य. जमीर डाई कैम, खिमाजी मेथजी एचएसजी, इस्साजी स्ट्रीट, मुंबई

कक. सनमान ट्रेड इमोक्स प्राइवेट लिमिटेड, गुरू गोविंद सिंह इंडस्ट, गोरेगांव, मुंबई

खख. सराफ कैमिकल्स लिमिटेड, 132, एनीबेसेंट रोड, वोर्ली मुंबई

गग. बिग्योर पेंटस प्राइवेट, बीएलके 1, शाहीन अपार्टमेंट मार्वे रोड, मुंबई

घघ. डुजोडवाला पेपर कैमिकल्स लिमिटेड, 907, राहेज सेंटर, 214, नरीमन प्वाइंट, मुंबई

ड.ड. शालीमार पेंट्स लिमिटैड दिनेश शेख लेन, ह्रावण

(ix) किसी भी आयातक/प्रयोक्ता ने न तो कोई प्रश्नावली प्रत्युत्तर दायर किया और न ही कोई अन्य प्रस्तुतिकरा किया।

(x) वर्तमान समीक्षा के प्रयोजनार्थ जांच की अवधि (पीओआई) 1 जनवरी, 2012 से 31 दिसम्बर, 2012 तक है। क्षति विश्लेषण के संबंध में प्रवृत्तियों की जांच में वर्ष 2009-10, 2010-11, 2011-12 और जांच की अवधि को भी शामिल किया जाएगा।

(xi) वाणिज्यिक आसूचना एवं सांख्यिकीय निदेशालय से अनुरोध किया गया कि वह भारत में, जांच की अवधि सहित, पिछले तीन वर्षों में हुए संबद्ध वस्तु के आयातों का विववरण प्रदान कराए और उक्त सूचना डीजीसीआईएंडएस से प्राप्त की गई तथा इस जांच के लिए उसी को अपनाया गया।

(xii) उन निर्यातकों, उतपादकों तथा अन्य हितबद्ध पक्षकारों को, जिन्होंने न तो प्राधिकारी को प्रत्युत्तर दिया और न ही इस जांच से संगत कोई सूचना प्रदान की, उन्हें असहयोगकर्ता हितबद्ध पक्षकार के रूप में माना गया।

(xiii) प्राधिकारी ने हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य का अगोपनीय पाठ नियम 6(7) के अनुसार हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निरीक्षण के लिए एक खुली फाइल में रखा गया।

(xiv) प्राधिकारी ने संबद्ध वस्तु की भारत में उत्पादन लागत तथा गैर क्षतिकारी कीमत का निर्धारण करने के लिए अनुबंध-III में विनिर्धारित दिशानिर्देशों के आधार पर घरेलू उत्पादक द्वारा प्रस्तुत सूचना की यथासंभव सीमा तक जांच की है ताकि यह सुनिश्चय किया जा सके कि क्या पाटन मार्जिन से न्यूनतर पाटनरोधी शुल्क घरेलू उद्योग की क्षति को दूर करने के लिए पर्याप्त होगा।

(xv) नियमावली के नियम 6(6) के अनुसार प्राधिकारी ने 9 सितम्बर, 2014 को आयोजित सार्वजनिक सुनवाई, जिसमें केवल घरेलू उद्योग और उनके प्रतिनिधियों द्वारा ही प्रतिभागिता की गई थीं, में सभी हितबद्ध पक्षकारों द्वारा मौखिम रूप से अभिव्यक्त किए गए अपने विचारों को लिखित रूप में प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया गया। मौखिम सुनवाई में अपने विचार व्यक्त करने वाले घरेलू उद्योग से यह अनुरोध किया गया कि वे मौखिक रूप से अभिव्यक्त अपने विचारों की लिखित प्रस्तुतिकरण भी करें।

(xvi) जांच की कार्रवाई के दौरान घरेलू उद्योग द्वारा किए गए प्रस्तुतिकरण तथा प्राधिकारी द्वारा संगत माने गए प्रस्तुतिकरणों की जांच की गई और उनका इस जांच में समाधान कर दिया गया।

(xvii) प्राधिकारी के अनुरोध पर केंद्रीय सरकार ने जांच पूरी करने की समयावधि 24 अक्तूबर, 2014 तक बढ़ा दी है।

(xviii) घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत किए गए आंकड़ों एवं सूचना का आवश्यक समझी गई सीमा तक और स्थल सत्यापन किया गया।

(xix) हितबद्ध पक्षकारों द्वारा गोपनीय आधार पर प्रदान कराई गई सूचना की प्राधिकारी द्वारा गोपनीयता के दावे की पर्याप्तता के संबंध में जांच की गई। संतुष्ट होने पर, प्राधिकारी ने जहां कही आवश्यक हुआ, गोपनीयता के दावे को स्वीकार कर लिया और ऐसी सूचना को गोपनीय के रूप में माना गया तथा उसका प्रकटन नहीं किया गया। जहां कहीं संभव हुआ वहां हितबद्ध पक्षकारों को यह निदेश दिया गया कि वे गोपनीय आधार पर प्रदान कराई गई सूचना का पर्याप्त अगोपनीय पाठ भी प्रस्तुत करे।

(xx) जहां कही किसी हितबद्ध पक्षकार ने सूचना तक पहुंच की मनाही की है या वर्तमान जांच की कार्रवाई के दौरान आवश्यक सूचना उपलब्ध नहीं कराई है या जांच में पर्याप्त अवरोध उत्पन्न किया है वहां प्राधिकारी ने इस अनिवार्य तथ्यों को "उपलब्ध तथ्यों" के आधार पर रिकार्ड किया और इन पक्षकारों को असहयोगकर्ता पक्षकार के रूप में माना।

(xxi) प्रमुख नियमावली के नियम 16 के अनुसार इन जांच परिणामों के लिए अनिवार्य समझे गए तथ्यों/आधारों से युक्त एक प्रकटन विवरण का प्रकटन सभी ज्ञात हितबद्ध को दिनांक 02.10.2014 को किया गया । केवल घरेलू उद्योग ने प्रकटन विवरण का प्रत्युत्तर दिया है और उस पर प्राप्त टिप्पणियों पर इस अंतिम जांच परिणाम में विचार किया गया।

(xxii) ***इस अंतिम जांच परिणाम अधिसूचना में हितबद्ध पक्षकारों द्वारा गोपनीय आधार पर प्रस्तुत सूचना का प्रतिनिधित्व कर रहा है और प्राधिकारी ने नियमों के अंतर्गत उसे गोपनीय ही माना है।

(xxiii) इस जांच अवधि के लिए अपनाई गई विनिमय दर 1 यूएस डालर = 53.69 रुपए है।

ग. विचाराधीन उत्पाद एवं समान वस्तु का दायरा

ग.1 घरेलू उद्योग द्वारा किए गए प्रस्तुतिकरण

9. घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित प्रस्तुतिकरण किए गए हैं :-

(i) संबद्ध देश से भारतीय बाजार में पाटित किया जा रहा उत्पाद पेंटाइराथ्रिटाल है। पेंटाइराथ्रिटाल एक अर्णनिक यौगिक है। पदबंध इराइथ्रिटाल यह संकेत करता है कि इसमें चार हाइड्रक्सिल ग्रुप हैं और उपसर्ग "पेंटा" यह संकेत देता है कि इसके मोलिक्यूल में पांच कार्बन एटम हैं।

(ii) पेंटाइराथ्रिटाल का उत्पादन इलेक्ट्रोडायलसिस प्रथक्करण प्रौद्योगिकी या प्रकार्यात्मक क्रिस्टलीकरण प्रौद्योगिकी का प्रयोग करके किया जा सकता है। तथापि, इन दोनों प्रौद्योगिकियों द्वारा उत्पादित उत्पादों में कोई खास अंतर नहीं है। पेंटाइराथ्रिटाल तकनीकी ग्रेड या नाइट्रेशन ग्रेड का हो सकता है। इन दोनों ग्रेडों में प्रमुख अंतर शुद्धता, क्रिस्टल आकार और क्रिस्टलों की एकरूपता में होता है। इसके अतिरिक्त, तकनीकी ग्रेड के पेंटाइराथ्रिटाल और नाइट्रेशन ग्रेड के पेंटाइराथ्रिटाल के बीच कोई वास्तविक अंतर नहीं होता है। दोनों ही ग्रेडों का उत्पादन समान प्रक्रिया द्वारा किया जाता है। जिस पेंटाइराथ्रिटाल की शुद्धता 98 प्रतिशत से अधिक और क्रिस्टल गठन बेहतर होता है उसका प्रयोग विस्फोटक उद्योग में किया जाता है और इसलिए इस ग्रेड को वाणिज्यिक बोलचाल में "नाइट्रेशन ग्रेड" के रूप में जाना जाता है। तथापि, नाइट्रेशन ग्रेड के रूप में माने जाने वाले पेंटाइराथ्रिटाल का प्रयोग अल्काइड रेजिन तथा अन्य उत्पादों (जहां अन्य ग्रेड "तकनीकी ग्रेड" पेंटाइराथ्रिटाल का प्रयोग किया जाता है) के लिए भी किया जा सकता है। इतना होते हुए ही दोनों ग्रेडों में कोई बड़ा अंतर नहीं है, हालांकि इन दोनों ग्रेडों की कीमत में कुछ अंतर होता है। सामान्यत:, नाइट्रेशन ग्रेड की कीमतें अधिक होती हैं।

(iii) तथापि, उत्पादन प्रक्रिया में अधिकांशत: तकनीकी रोड का उत्पादन किया जाता है। नाइट्रेशन ग्रेड का उत्पादन 2 प्रतिशत से भी कम होता है। जबकि डाय- पेंटाइराथ्रिटाल का उत्पाद 0.5 प्रतिशत से भी कम होता है। 97 प्रतिशत से अधिक उत्पादन तकनीकी ग्रेड का किया जाता है। इसके अतिरिक्त, आयात प्राथमिकता तकनीकी ग्रेड में ही किए जाते हैं। डाय- पेंटाइराथ्रिटाल और पेंटाइराथ्रिटाल दो अलग-अलग तरह के उत्पाद हैं। डाय- पेंटाइराथ्रिटाल इस विचाराधीन उत्पाद के दायरे से परे है।

(iv) पेंटाइराथ्रिटाल का अनुप्रयोग अल्काइडरेजित, रोजिन ईस्टर्स प्लास्टीसाइजर्स, मुद्रण स्याही, सिंथेटिक रबड़, प्लास्टिक्स के लिए स्टैबिलाइजर्स आशोधित ड्राइंग आयल्स, डिटोनेटर्स, विस्फोटकों, औषधों, प्राथमिक तेलों तथा सिंथेटिक लुब्रीकेंट्स के लिए किया जाता है।

(v) घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित संबद्ध वस्तु तथा संबद्ध देश से निर्यातित संबद्ध वस्तु के बीच कोई ज्ञात अंतर नहीं है। दोनों के ही भौतिक एवं रासायनिक गुणधर्मों, विनिर्माण प्रक्रिया एवं प्रौद्योगिकी, प्रकार्यों एवं प्रयोगों, उत्पाद विनिर्देशनों, कीमत निर्धारण विपणन एवं वितरण, प्रशुल्क वर्गीकरण आदि जैसे पैरामीटरों के रूप में तुलनीय गुणधर्म होते हैं। दोनों ही उत्पाद वाणिज्यिक रूप से एवं तकनीकी रूप से प्रतिस्थापनपीय है। उपभोक्तागण इन दोनों उत्पादों का प्रयोग अदल-बदल कर सकते हैं।

ग.2 उत्पादकों/निर्यातकों/अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए प्रस्तुतिकरण

10. विचाराधीन उत्पाद एवं समान वस्तु के संबंध में किसी भी हितबद्ध पक्षकार ने न तो कोई मुद्दा उठाया है और न ही कोई प्रत्युत्तर दिया है।

ग.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

11. वर्तमान जांच में विचाराधीन उत्पाद पेंटाइराथ्रिटाल है। पेंटाइराथ्रिटाल एक अर्णनिक यौगिक है। पदबंध इराइथ्रिटाल यह संकेत करता है कि इसमें चार हाइड्रक्सिल ग्रुप हैं और उपसर्ग "पेंटा" यह संकेत देता है कि इसके मोलिक्यूल में पांच कार्बन एटम हैं। पेंटाइराथ्रिटाल का अनुप्रयोग अल्काइडरेजित, रोजिन ईस्टर्स प्लास्टीसाइजर्स, मुद्रण स्याही, सिंथेटिक रबड़, प्लास्टिक्स के लिए स्टैबिलाइजर्स आशोधित ड्राइंग आयल्स, डिटोनेटर्स, विस्फोटकों, औषधों, प्राथमिक तेलों तथा सिंथेटिक लुब्रीकेंट्स के लिए किया जाता है।

12. पेंटाइराथ्रिटाल को सीमाशुल्क प्रशुल्क अधिनियम, 1975 के अध्याय 29 के अंतर्गत सीमाशुल्क उपशीर्षक संख्या 2905.42 के तहत वर्गीकृत किया जाता है। तथापि, यह सीमा शुल्क वर्गीकरण केवल संकेतात्मक है और यह वर्तामान जांच के दायरे पर किसी भी रूप में बाध्यकारी नहीं है।

13. आवेदक ने दावा किया है कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित संबद्ध वस्तु तथा संबद्ध देश से निर्यातित संबद्ध वस्तु के बीच कोई ज्ञात अंतर नहीं है। दोनों के ही भौतिक एवं रासायनिक गुणधर्मों, विनिर्माण प्रक्रिया एवं प्रौद्योगिकी, प्रकार्यों एवं प्रयोगों, उत्पाद विनिर्देशनों, कीमत निर्धारण विपणन एवं वितरण, प्रशुल्क वर्गीकरण आदि जैसे पैरामीटरों के रूप में तुलनीय गुणधर्म होते हैं। दोनों ही उत्पाद वाणिज्यिक रूप से एवं तकनीकी रूप से प्रतिस्थापनपीय है। इस समान वस्तु से संबंधित मुद्दे का निर्धारण प्राधिकारी द्वारा मूल जांच एवं उसकी उत्तरवर्ती जांचों में पहले ही किया जा चुका है। संबद्ध देश से आयातित उत्पाद तथा याचिकाकर्ता द्वारा उत्पादन किए जा रहे उत्पाद में कोई खास अंतर नहीं है। उपर्युक्त स्थिति के मुद्देनजर वर्तमान समीक्षा जांच के प्रयोजनार्थ आवेदक द्वारा उत्पादित संबद्ध वस्तु तथा संबद्ध देश से आयातित संबद्ध वस्तु को प्राधिकारी द्वारा पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(घ) के अनुसार समान उत्पाद माना गया है।

घ. घरेलू उद्योग का दायरा एवं आधार

घ.1 घरेलू उद्योग द्वारा किए गए प्रस्तुतिकरण

14. घरेलू उद्योग ने घरेलू उद्योग का दायरा एवं आधार के संबंध में निम्नलिखित प्रस्तुतिकरण किया है :

(i) यह याचिका मैसर्स कानोरिया कैमिकल्स एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा दायर की गई है।

(ii) याचिकाकर्ता के अलावा इस विचाराधीन उत्पाद का उत्पादन मैसर्स एशियन पेंट्स (इंडिया) लिमिटेड (एशियन पेंट्स) द्वारा किया जा रहा है। यद्यपि मैसर्स एशियन पेंट्स इस विचाराधीन उत्पाद का उत्पादन करता है तथापि कंपनी ने वर्ष 2011-12 में पेंटाइराथ्रिटाल के अपने उत्पादन के 52 प्रतिशत की ग्राही खपत की थी। मैसर्स एशियान पेंट्स के उत्पादन की ग्राही खपत को पात्र उत्पादन के रूप में शामिल नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि यह उत्पादन विदेशी उत्पादकों द्वारा आपूरित पाटित सामग्री या भारतीय उत्पादकों द्वारा की गई बिक्री के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं करता है।

(iii) इससे पहले मैसर्स पर्सटार्प कैमिकल्स इंडिया (प्राइवेट) लिमिटेड (पर्सटार्प इंडिया) नामक एक अन्य उत्पादक भी इस विचाराधीन उत्पाद का उत्पादन कर रहा था। तथापि पर्सटार्प इंडिया का वर्ष 2009-10 से इस उत्पाद का कोई घरेलू उत्पादन नहीं हुआ है।

(iv) न तो मैसर्स एशियन पेंट्स और न ही मैसर्स पर्सटार्प इंडिया को पात्र घरेलू उत्पादक के रूप में माना जा सकता है।

(v) याचिकाकर्ता इस संबद्ध वस्तु का संबद्ध देश से आयात नहीं करता है। इसके अतिरिक्त, इसका संबद्ध देश के संबद्ध वस्तु के किसी निर्यातक या आयातक से कोई संबंध नहीं है।

(vi) आधार के प्रयोजनार्थ, याचिकाकर्ता ने मैसर्स एशियन पेंट्स को ग्राही खपत को शामिल करके तथा उसका अपवर्जन करके दोनों तरह से भारतीय उत्पादन का परिकलन किया है। मैसर्स एशियन पेंट्स को ग्राही खपत को अलग करके कुल भारतीय उत्पादन में याचिकाकर्ता का उत्पादन 70 प्रतिशत बनता है और एशियन पेंट्स की ग्राही खपत को शामिल करके याचिकाकर्ता का उत्पादन कुल भारतीय उत्पादन का 55 प्रतिशत बनता है। इसलिए, याचिकाकर्ता इन दोनों ही मामलों में घरेलू उद्योग सिद्ध होता है।

(vii) इसलिए याचिकाकर्ता का इस उत्पाद के लिए भारतीय घरेलू उद्योग की ओर से याचिका दायर करने का पर्याप्त आधार है।

घ.2 उत्पादकों/निर्यातकों/अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किया गया प्रस्तुतिकरण

15. किसी भी अन्य हितबद्ध पक्षकार ने घरेलू उद्योग का दायरा एवं आधार के संबंध में न तो कोई मुद्दा उठाया है और न ही कोई प्रत्युत्तर दिया है।

घ.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

16. प्राधिकारी नोट करते हैं कि पाटनरोधी के नियम 2(ख) के तहत घरेलू उद्योग को निम्नवत परिभाषित किया गया है :-

)"ख" (घरेलू उद्योग के विनिर्माण याका आशय समान वस्तु "उससे संबंधित किसी अन्य क्रियाकलाप में समग्र रूप से लगे उन सभी घरेलू उत्पादकों अथवा उन उत्पादकों से है जिनका उक्त वस्तु का सामूहिक उत्पादन उस वस्तु के समस्त घरेलू उत्पादन का एक बड़ा अनुपात बनता हो, सिवाय इसके कि यदि ये उत्पादक कथित पाटित वस्तु के निर्यातकों अथवा आयातकों से संबंधित हो पाटित वस्तु के निर्यातकों अथवा आयातकों से संबंधित हों अथवा उसके स्वयं आयातक हो तो ऐसे मामलों में वाक्यांश "घरेलू उद्योग" को केवल शेष उत्पादकों के रूप में माना जाएगा। "

17. प्राधिकारी नोट करते हैं कि यह आवेदनपत्र मैसर्स कानोरिया कैमिकल्स एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा दायर किया गया है। प्राधिकारी पुन: यह नोट करते हैं कि आवेदक के अलावा भारत में इसके समान वस्तु का निर्माण मैसर्स एशियन पेंट्स (इंडिया) लिमिटेड द्वारा (जिसे एतद्पश्चात एशियन पेंट्स कहा गया है) किया जाता है। आवेदक ने दावा किया है कि ग्राही और व्यापारी बाजारों दोनों ही अलग-अलग बाजार हैं और पाटित आयात उत्तरवर्ती बाजार में ही आता है। यह दावा किया गया है कि ग्राही उत्पादक, जहां तक ग्राही उत्पादन का संबंध है, पाटित सामग्री के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं करते हैं। पुन: यह दावा किया गया है कि पर्सटार्प कैमिकल्स इंडिया (प्राइवेट) लिमिटेड (जिसे एतद्पश्चात "पर्सटार्प इंडिया" कहा गया है), जिसकी क्षमता पेंटाइराथ्रिटाल का उत्पादन करने की है, परंतु वह इस समय उसका उत्पादन नहीं कर रहा है।

18. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि यह निश्चय करना जरूरी नहीं है कि घरेलू उद्योग के दायरे में शामिल किया गया मैसर्स एशियन पेंट्स पात्र है या नहीं, क्योंकि आवेदक का उत्पादन कुल भारतीय उत्पादन का एक बड़ा हिस्सा बनता है, चाहे उसमें मैसर्स एशियन पेंट्स के ग्राही उत्पादन को शामिल किया जाए या नहीं। पर्सटार्प इंडिया के संबंध में यह नोट किया जाता है कि उपलब्ध सूचना के अनुसार कंपनी ने जांच की अवधि के दौरान इस विचाराधीन उत्पाद का उत्पादन नहीं किया है और इसलिए उसे घरेलू उद्योग के दायरे के अंतर्गत शामिल करने के लिए पात्र नहीं माना जा सकता है।

19. यह नोट किया जाता है कि जांच की अवधि में आवेदक का उत्पादन जब ग्राही प्रयोग का अपवर्जन कर दिया जाए तो कुल भारतीय उत्पादन का एक बड़ा हिस्सा बनता है। जब ग्राही उत्पादन को शामिल किया जाता है तब भी आवेदक का हिस्सा कुल भारतीय उत्पादन में पचास प्रतिशत से अधिक बनता है। इस मुद्दे की जांच करने के पश्चात, यह नोट किया जाता है कि चूंकि आवेदक का उत्पादन, एशियन पेंट्स द्वारा ग्राही खपत को शामिल करके और शामिल न करके, दोनों ही तरह से, कुल भारतीय उत्पादन का एक बड़ा हिस्सा बनता है, इसलिए नियमावली के आशय के अंतर्गत आवेदक को घरेलू उद्योग के रूप में माना गया है। उपर्युक्त स्थिति के मद्देनजर तथा पाटनरोधी

नियमावली को ध्यान में रखते हुए, प्राधिकारी यह निर्धारित करते हैं कि मैसर्स कानोरिया केमिकल्स एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड का उत्पादन जांच की अवधि के दौरान संबद्ध वस्तु के कुल घरेलू उत्पादन का एक बड़ा हिस्सा बनता है और वह पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(ख) के आशय के अंतर्गत घरेलू उद्योग बनता है और यह याचिका के आशय के अंतर्गत घरेलू उद्योग बनता है और यह याचिका नियमावली के नियम 5 के उल्लिखित शर्तों की प्रक्रिया को पूरा करती है।

ड. सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन

ड.1 घरेलू उद्योग द्वारा किए गए प्रस्तुतिकरण

20. सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित प्रस्तुतिकरण किए गए है :

(क) चाइनीज ताइपेई के किसी भी उतपादक/निर्यातक में निर्यातक प्रश्नावली का प्रत्युत्तर नहीं दिया है।

(ख) चाइनीज ताइपेई की घरेलू बाजार में संबंधित उत्पाद की कीमत के साक्ष्य प्राप्त करने और प्रकाशित स्रोतों से कीमत के साक्ष्य प्राप्त करने के प्रयास किए गए थे। तथापि, घरेलू उद्योग सार्वजनिक रूप से उपलब्ध संगत सूचना के अभाव के कारण चाइनीज ताइपेई की घरेलू बाजार में संबद्ध वस्तु के उत्पादकों की कीमत सूची या कुटेशन जैसी कोई सूचना/साक्ष्य प्राप्त नहीं कर सका और इसलिए, इसने चाइनीज ताइपेई के मामले में सामान्य मूल्य का निर्धारण कच्चे माल अर्थात चाइनीज ताइपेई में मिथनाल, अन्य सभी कच्चे माल की आयात कीमत और उपयोगिता लागत तथा घरेलू उद्योग के सर्वोत्तम खपत मानको संपरिवर्तन लागत के सर्वोतृत प्राक्कलनों, बिक्री सामान्य एवं प्रशासनिक व्यय तथा तर्कसंगत लाभ मार्जिन पर विचार करते हुए किया है।

ड. 2 उत्पादकों/निर्यातकों/अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए प्रस्तुतिकरण

21. संबद्ध देश के किसी भी उत्पादक/निर्यातक ने कोई प्रश्नावली प्रत्युत्तर या विधिक प्रस्तुतिकरण दायर नहीं किया है और न ही सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत या पाटन मार्जिन के संबंध में कोई आवश्यक सूचना प्रदान कराई है।

ड.3 प्राधिकारी द्वारा सामान्य मूल्य का निर्धारण

22. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि चाइनीज ताइपेई के किसी भी निर्यातक ने कोई प्रत्युत्तर दायर नहीं किया है। चूंकि वास्तविक घरेलू बिक्री कीमत के संबंध में कोई सूचना, चाइनीज ताइपेई में उत्पादन लागत या तीसरी दुनिया के देश को निर्यात से संबंधित कोई सूचना और प्रश्नावली के अनुरूप कोई अन्य सूचना उस देश के उत्पादकों/निर्यातकों द्वारा प्रस्तुत नहीं की गई है इसलिए प्राधिकारी ने सामान्य मूल्य का निर्धारण करने के लिए सर्वोत्तम उपलब्ध सूचना पर भरोसा किया है। प्राधिकारी ने चाइनीज ताइपेई में सामान्य मूल्य का निर्धारा प्रमुख नियमावली के नियम 6(8) के अनुसार उत्पादन लागत का आकलन करके किया है। चाइनीज ताइपेई के लिए इस तरह निर्धारित सामान्य मूल्य का उल्लेख अधोलिखित पाटन मार्जिन तालिका में किया है। सामान्य मूल्य का निर्माण ताईवान सीमाशुल्क के अनुरूप चाइनीज ताइपेई में कच्चे माल अर्थात मेथनाल की आयात कीमत को अपनाकर किया है। अन्य सभी कच्चे माल तथा घरेलू उद्योग की उपयोगिता लागत का अंगीकरण सर्वोत्तम खपत कारकों तथा संगत अवधि के दौरान संपरिवर्तन लागत के सर्वोत्तम अनुमानों के आधार पर किया है। उत्पादन लागत में बिक्री, सामान्य, एवं प्रशासनिक लागत तथा तर्कसंगत लाभ मार्जिन को जोड़ा गया है जिससे कि प्रस्तावित निर्मित सामान्य मूल्य पर पहुंचा जा सके।

ड.4 निर्यात कीमत का निर्धारण

23. चूंकि संबद्ध देश के किसी भी निर्यातक ने प्राधिकारी को प्रत्युत्तर नहीं दिया है, इसलिए प्राधिकारी ने चाइनीज ताइपेई से आयातों के संबंध में निर्यात कीमत का निर्धारण पाटनरोधी नियमावली के नियम 6(8) के अनुसार उपलब्ध सर्वोत्तम सूचना के आधार पर किया है। आवेदक ने निर्यात कीमत का निर्धारण भारत में विचाराधीन उत्पाद के आयातों, जिनकी सूचना एक स्वतंत्र आंकड़ा प्रदाता एजेंसी आईबीआईएस द्वारा दी गई, के आधार पर की है। निर्दिष्ट प्राधिकरी ने खेपवार आयात आंकड़े भारत सरकार की एक एजेंसी डीजीसीआईएंडएस से प्राप्त किए है। यह देखा जाता है कि डीजीसीआईएंडएस तथा आईबीआईएस दोनों द्वारा रिपोर्ट किए गए आयातों की मात्रा और कीमत तुलनीय है। प्राधिकारी ने डीजीसीआईएंडएस से प्राप्त आंकड़ों पर विचार किया है और भारत में इस विचाराधीन उत्पाद के सभी आयातों पर विचार करते हुए निर्यात कीमत का निर्धाराण् किया है। चाइनीज ताइपेई के निर्यातकों से असहयोग को ध्यान में रखते हुए आवेदक घरेलू उद्योग द्वारा किए गए दावे के आधार पर कीमत समायोजन किया गया है। प्रस्तावित निर्यात कीमत का निर्धारण समुद्र भाड़ा, समुद्री बीमा, बैंक प्रभार, पत्तन एवं अंतर्देशीय भाड़ा प्रभार के लिए समायोजन करने के पश्चात फैक्टरी बाह्य स्तर पर किया है।

ड.5 पाटन मार्जिन

24. ऊपर यथानिर्धारित सामान्य मूल्य एवं निर्यात कीमत पर विचार करते हुए प्रस्तावित पाटन मार्जिन का निर्धारण निम्नवत किया गया है। यह देखा जाता है कि पाटन मार्जिन न्यूनतम से अधिक एवं पर्याप्त है।

पाटन मार्जिन तालिका

सामान्य मूल्य	अमरीकी डालर/एमटी	***
निर्यात कीमत	अमरीकी डालर/एमटी	***
पाटन मार्जिन	अमरीकी डालर/एमटी	***
पाटन मार्जिन %	%	***
पाटन मार्जिन रेंज	%	45-55

च. क्षति निर्धारण की क्रियापद्धति और क्षति एवं कारणात्मक संबंधों की जांच

च.1 घरेलू उद्योग द्वारा किए गए प्रस्तुतिकरण

25. क्षति एवं कारणात्मक संबंधों के बारे में घरेलू उद्योग ने निम्नलिखित प्रस्तुतिकरण किए हैं :

(क) मांग ने, जांच की अवधि के दौरान मामूली सी गिरावट को छोड़कर, ग्राही खपत को शामिल एवं अपवर्जित करते हुए दोनों तरह से, बढ़ने की प्रवृत्ति प्रदर्शित की है।

(ख) चाइनीज ताइपेई से संबद्ध वस्तु के आयातों में प्राधिकारी द्वारा मध्यावधि समीक्षा जांच में पाटनरोधी शुल्क की प्रमात्रा में वृद्धि करने की सिफारिश के पश्चात वर्ष 2010-11 के दौरान गिरावट आई। तथापि, उसके पश्चात आयात की मात्रा में भारी वृद्धि हुई। सऊदी अरेबिया, जिसके विरूद्ध पाटनरोधी जांच दिनांक 8 नवम्बर, 2013 को समाप्त कर दी गई थी तथा रूस, जिसके विरूद्ध पाटनरोधी जांच प्राधिकारी द्वारा वर्तमान में की जा रही है, के आयातों में वृद्धि हुई है। उन अन्य देशों से आयात, जिन पर पाटनरोधी शुल्क लगा है (स्वीडन को छोड़कर चीन जनगण तथा ईयू) की मात्रा में जांच की अवधि के दौरान गिरावट आई। स्वीडन से आयातों पर पाटनरोधी शुल्क का प्रतिसंहरण 2011 में कर दिया गया। स्वीडन से भारतीय पत्तन पर आयात एक बार फिर भारी मात्रा में आना प्रारंभ हो गए हैं।

(ग) क्षति अवधि में भारी कीमत अधोरदन हुआ है।

(घ) आयातों की उतराई कीमत घरेलू उद्योग की लागत एवं बिक्री कीमत से पर्याप्त रूप से कम है। जबकि, उत्पादन लागत और बिक्री कीमत दोनों में ही अवधि के दौरान भारी वृद्धि हुई, तथापि बिक्री कीमत में उत्पादन लागत में वृद्धि की तुलना में कम थी।

(ङ) यद्यपि उत्पादन में हल्की सी वृद्धि हुई तथापि जांच की अवधि में इसके क्षमता उपयोग में गिरावट आई। घरेलू बिक्री मात्रा में वर्ष 2009-10 से जांच की अवधि में गिरावट आई है।

(च) संबद्ध देश तथा अन्य पाटन स्रोतों से संबद्ध वस्तु के आयातों में वृद्धि से घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से में गिरावट आई है।

(छ) घरेलू उद्योग वर्ष 2009-10 से घाटे में चल रही है। जांच की अवधि के दौरान यह घाटा बहुत अधिक रहा। आयातों का भारी कम कीमत पर भारतीय बाजार में प्रवेश हो रहा है। आधार वर्ष और विगत वर्ष की तुलना में जांच की अवधि में प्रति इकाई बिक्री लागत में भारी वृद्धि हुई है। तथापि, इस उत्पाद की प्रति यूनिट लागत प्रति यूनिट बिक्री कीमत की तुलना में बहुत अधिक है जिससे संपूर्ण क्षति अवधि में लाभप्रदायकता बहुत अधिक प्रभावित हुई है।

(ज) क्षति अवधि में आधार वर्ष की तुलना में नकद घाटा बढ़ गया। आधार वर्ष की तुलना में जांच की अवधि में लगाई गई पूंजी पर प्रतिलाभ ऋणात्मक था।

(झ) घरेलू उद्योग की मालसूची में आधार वर्ष की तुलना में क्षति अवधि में वृद्धि हुई और विगत वर्ष की तुलना में इसमें बहुत अधिक वृद्धि हुई है।

(ञ) घरेलू उद्योग की उत्पादकता उत्पादन के स्तर के समान बनी रही।

(ट) चाइनीज ताइपेई से आयातों के संबंध में परिकलित पाटन मार्जिन बहुत अधिक है।

(ठ) पाटन मार्जिन के बिना कीमत अधोरदन बहुत अधिक है। ऐसी संभावना है कि यदि पाटनरोधी शुल्क का प्रतिसंहरण कर लिया जाता है तो संबद्ध वस्तु से भारी कीमत निग्रहण एवं कीमत अवमंदन होगा।

(ड) क्षमता उपयोग, घरेलू बिक्री, बाजार हिस्सा, लाभ, निवेश पर प्रतिलाभ, नकदी प्रवाह आदि के रूप में घरेलू उद्योग के निष्पादन में गिरावट आई है।

(ढ) अन्य कोई ऐसे कारक नहीं हैं जिनके कारण घरेलू उद्योग को क्षति हो रही हो। संबद्ध देश के अलावा, कुछ अन्य देश से भी भारत को आयात हो रहा है परंतु इन पर या तो पाटनरोधी शुल्क पहले से ही लगा है या उन पर जांच चल रही है। अन्य देशों से आयात न्यूनतम से कम हैं। इस उत्पाद की मांग में वृद्धि हुई है। खपत की प्रणाली प्रौद्योगिकी व्यापार प्रतिबंधात्मक प्रक्रियाएं या प्रतिस्पर्धा की उन स्थितियों में जिनसे क्षति कारित हो रही हो आदि में कोई परिवर्तन नहीं हुआ। घरेलू उद्योग के निर्यात निष्पादन ने भी घरेलू उद्योग को क्षति कारित नहीं की है।

(ण) चारइनीज ताइपेई से पाटित आयातों तथा घरेलू उद्योग को कारित की जा रही वास्तविक क्षति के बीच कारणत्मक संबंध है।

च.2 उत्पादकों/निर्यातकों/अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किया गया प्रस्तुतिकरण

26. क्षति एवं कारणात्मक संबंधों के बारे में किसी भी उत्पादक/निर्यातक या अन्य हितबद्ध पक्षकार ने कोई प्रस्तुतिकरण नहीं किया है।

च. प्राधिकारी द्वारा जांच

27. इस संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा किए गए विभिन्न पर विचार करने के पश्चात प्राधिकारी ने संबद्ध देश से आयतों के कारण पाटन एवं क्षति की संभावना के पहलुओं पर जांच के लिए अग्रसर होने से पहले घरेलू उद्योग को वर्तमान क्षति के संबंध में कार्रवाई की।

28. अनुबंध-II के साथ पठित पाटनरोधी नियमावली के नियम 11 में प्रावधान है कि किसी क्षति निर्धारण में उन सभी कारकों की जांच अंतर्ग्रस्त होगी जिनसे घरेलू उद्योग को क्षति का संकेत मिलता हो। ".....पाटित आयातों की मात्रा, घरेलू बाजार में समान वस्तु के लिए कीमतों पर उनके प्रभाव, और इन वस्तुओं के घरेलू उत्पादकों पर इन आयातों के परिणामी प्रभाव सहित सभी संगत कारकों पर विचार करते हुए" कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव पर विचार करते हुए यह जांच करना आवश्यक प्रतीत होता है कि क्या भारत में समान वस्तु की कीमतों की तुलना में पाटित आयातों द्वारा भारी कीमत अधोरदन किया गया है या क्या इन आयातों का प्रभाव उन कीमतों का भारी मात्रा में अवमंदन करना या कीमतों में वृद्धि को कम करना है जो अन्यथा भारी मात्रा में हुई होती।

29. भारत में घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच करने के लिए प्रमुख नियमावली के अनुबंध-II के अनुसार उन संकेतकों की जांच की गई जिनका घरेलू उद्योग की स्थिति पर प्रभाव पड़ता है जैसे उत्पादन, क्षमता उपयोग, बिक्री मात्रा, स्टाक लाभप्रदाता, निवल बिक्री प्रापण, पाटन मार्जिन एवं मात्रा आदि।

30. वर्तमान जांच प्रभावी पाटनरोधी शुल्क की निर्णायक समीक्षा है। नियम 23 में प्रावधान है कि नियम 11 के प्रावधान समीक्षा पर भी यथावश्यक परिवर्तनों सहित लागू होंगे। इसलिए, प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग को क्षति का निर्धारण अनुबंध-II के साथ पठित नियम 11 के प्रावधानों पर यथावश्यक परिवर्तनों सहित विचार करते हुए किया है। इसके अतिरिक्त चूंकि विचाराधीन उत्पाद के आयातों पर पाटनरोधी शुल्क प्रभावी है, इसलिए प्राधिकारी यह विचार करते हैं कि क्या घरेलू उद्योग को क्षति की जांच करते समय चाइनीज ताइपेई से संबद्ध वस्तु के आयातों पर मौजूदा पाटनरोधी शुल्क पर विचार करना अपेक्षित है। प्राधिकारी ने यह जांच की है कि क्या उस पाटन का विरोध करने के लिए, जो क्षति कारित कर रहा है, पाटनरोधी उपाय की जांच करना पर्याप्त है या नहीं।

31. सीमाशुल्क प्रशुल्क अधिनियम की धारा 9(क) (5) के अनुसार अधिरोपित पाटनरोधी शुल्क, जब तक उसका प्रतिसंहरण नहीं कर दिया जाता है तब तक वह ऐसे अधिरोपण की तारीख से पांच वर्षों की अवधि की समाप्ति के पश्चात निष्प्रभावी हो जाएगा बशर्ते कि, केंद्रीय सरकार का किसी समीक्षा में यह विचार है कि इस शुल्क को समाप्त कर देने से पाटन एवं क्षति की निरंतरता बने रहने या उसकी पुनरावृत्ति होने की संभावना है, तो यह समय-समय पर, इस अधिरोपण को पांच वर्षों की अतिरिक्त अवधि के लिए बढ़ा सकती है और यह बढ़ी हुई अवधि ऐसे विस्तार के आदेश की तारीख से प्रारंभ होगी।

32. वर्तमान क्षति विश्लेषण के प्रयोजनार्थ, प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग पर संबद्ध वस्तु के पाटित आयातों की मात्रा एवं कीमत प्रभाव की जांच की तथा पाटन एवं क्षति के बीच कारणात्मक संबंधों तथा क्षति की मौजूदगी की जांच करने के लिए कीमत एवं लाभप्रदता पर इसके प्रभाव की जांच की। प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग को होने वाली क्षति की जांच मैसर्स कानोरिया कैमिकल्स एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड, जो

नियमों के अंतर्गत घरेलू उद्योग है, से संबंधित सूचना पर विचार करते हुए की है। तदनुसार, पाटित आयातों की मात्रा एवं कीमत प्रभाव की जांच निम्नवत की गई है :

च. 4 पाटित आयातों का मात्रा प्रभाव एवं घरेलू उद्योग पर इसका प्रभाव

क) मांग एवं बाजार हिस्सा

33. घरेलू उद्योग ने भारत में इस उत्पाद की मांग या स्पष्ट खपत का निर्धारण भारतीय उत्पादकों की घरेलू बिक्री तथा भारत में सभी स्रोतों से संबद्ध वस्तु का आयात, एशियन पेंट्स द्वारा ग्राही खपत को शामिल करके और अलग करके दोनों रूपों में, को जोड़कर की है। इस तरह आकलित मांग को अधोलिखित तालिका में ग्राही उत्पादन को अलग एवं शामिल करते हुए देखा जा सकता है। यह देखा जाता है कि देश में इस विचाराधीन उत्पाद की मांग वर्ष 2011-12 तक बढ़ी है और फिर जांच की अवधि में इसमें हल्की सी गिरावट आई है। तथापि इस मांग में आधार वर्ष की तुलना में जांच की अवधि के दौरान वृद्धि हुई है। यद्यपि घरेलू उद्योग की बिक्री में क्षति अवधि के दौरान गिरावट आई, वही संबद्ध देश से संबद्ध वस्तु के आयात में पहले तो वर्ष 2010-11 में गिरावट आई और फिर उनमें वृद्धि हुई।

विवरण	**यूनिट**	**2009-10**	**2010-11**	**2011-12**	**जांच की अवधि***
घरेलू उद्योग की वृद्धि	एमटी	6,725	6,629	6,518	6,327
अन्य भारतीय उत्पादकों की बिक्री	एमटी	4,549	5,400	5,400	5,400
आयात चाइनीज ताइपेई (एसएसआर)	एमटी	2,507	1,223	1,641	1,895
आयात – रूस (चालू)	एमटी	0	300	900	1,153
अन्य देश जिन पर पाटनरोधी शुल्क लगा है	एमटी	7,643	5,700	4,524	1,908
अन्य देश	एमटी	1,167	6,362	7,784	10,001
कुल मांग	एमटी	22,592	25,614	26,766	26,684
बाजार हिस्सा					
घरेलू उद्योग	%	29.77	25.88	24.35	23.71
अन्य भारतीय उत्पादक	%	20.14	21.08	20.17	20.24
आयात – ताइपेई (एसएसआर)	%	11.10	4.77	6.13	7.10
आयात- रूस (सतत)	%	-	1.17	3.36	4.32
अन्य देश जिन पर पाटनरोधी शुल्क लगा है	%	33.83	22.25	16.90	7.15
अन्य देश	%	5.16	24.84	29.08	37.48

*जांच की अवधि – जनवरी, 2012 – दिसम्बर, 2012

भारत में मांग एवं बाजार हिस्सा (ग्राही खपत के अलावा)

विवरण	**यूनिट**	**2009-10**	**2010-11**	**2011-12**	**जांच की अवधि***
घरेलू उद्योग की वृद्धि	एमटी	6,725	6,629	6,518	6,327
अन्य भारतीय उत्पादकों की बिक्री	एमटी	2,125	2,509	2,592	2,592
आयात चाइनीज ताइपेई (एसएसआर)	एमटी	2,507	1,223	1,641	1,895
आयात – रूस (चालू)	एमटी	0	300	900	1,153
अन्य देश जिन पर पाटनरोधी शुल्क लगा है	एमटी	7,643	5,700	4,524	1,908
अन्य देश	एमटी	1,167	6,362	7,784	10,001

विवरण	यूनिट	2009-10	2010-11	2011-12	जांच की अवधि*
कुल मांग	एमटी	20,168	22,723	23,958	23,876
बाजार हिस्सा					
घरेलू उद्योग	%	33.35	29.17	27.20	26.50
अन्य भारतीय उत्पादक	%	10.54	11.04	10.82	10.86
आयात – ताइपेई (एसएसआर)	%	12.43	5.38	6.85	7.94
आयात- रूस (सतत)	%	-	1.32	3.76	4.83
अन्य देश जिन पर पाटनरोधी शुल्क लगा है	%	37.90	25.08	18.88	7.99
अन्य देश	%	5.78	28.00	32.49	41.89

*जांच की अवधि – जनवरी, 2012 – दिसम्बर, 2012

ख) आयात मात्रा एवं बाजार हिस्सा

34. पाटित आयातों की मात्रा के संबंध में प्राधिकारी को यह विचार करना अपेक्षित होता है कि क्या पाटित आयातों में भारत में उत्पादन या खपत के संगत या समग्र रूप से भारी वृद्धि हुई है। आयातों की मात्रा अथवा भारत में उत्पादन या खपत के संबंध में आयातों का विवरण अधोलिखित तालिका में दिया गया है :

आयात मात्रा	यूनिट	2009-10	2010-11	2011-12	जांच की अवधि*
चाइनीज ताइपेई	एमटी	2,507	1,223	1,641	1,895
प्रवृत्ति		*100*	*49*	*65*	*76*
आयात – रूस (चालू)	एमटी	0	300	900	1,153
अन्य देश जिन पर पाटनरोधी शुल्क लगा है	एमटी	7,643	5,700	4,524	1,908
अन्य देश	एमटी	1,167	6,362	7,784	10,001
कुल आयात	एमटी	11,317	13,585	14,849	14,957
चाइनीज ताइपेई से निम्नलिखित के संबंध में आयात					
कुल आयात	%	22.16	9.00	11.05	12.67
खपत (ग्राही खपत सहित)	%	11.10	4.77	6.13	7.10
खपत (ग्राही खपत को छोड़कर)	%	12.43	5.38	6.85	7.94
उत्पादन (ग्राही खपत सहित)	%	22.48	10.29	13.78	15.90
उत्पादन (ग्राही खपत रहित)	%	28.72	13.60	18.03	20.80

*जांच की अवधि – जनवरी, 2012 – दिसम्बर, 2012

35. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि संबद्ध देश से संबद्ध वस्तु के आयातों में वर्ष 2010-11 में गिरावट आई, परंतु उसके बाद मौजूदा पाटनरोधी शुल्क एवं संबद्ध देश के संबंध में मध्यावधि समीक्षा के परिणामस्वरूप पाटनरोधी शुल्क के उर्ध्वगामी संशोधन के बावजूद उसमें वृद्धि हुई। भारत में कुल आयातों के संबंध में संबद्ध देश से आयातों की मात्रा, भारत में स्पष्ट मांग/खपत और भारत में कुल उत्पाद के संबंध में समग्र आयातों ने वही प्रवृत्ति अपनाई। यह वह मामला है कि इसमें ग्राही खपत को शामिल किया गया हो या न किया गया हो।

च. पाटित आयातों का कीमत प्रभाव और घरेलू उद्योग पर उसका प्रभाव

36. संबद्ध देश से संबद्ध वस्तु के आयातों के कारण घरेलू उद्योग की कीमतों पर प्रभाव की जांच कीमत अधोरदन, कीमत अधोविक्रयण, कीमत निग्रहण और कीमत अवमंदन के संबंध में की गई। इस विश्लेषण के प्रयोजनार्थ घरेलू उद्योग के संबद्ध वस्तु की उत्पादन लागत, निवल बिक्री प्रापण (एनएसआर) और गैर-क्षतिकारी कीमत की तुलना संबद्ध देश से आयातों के उतराई मूल्य से की गई। जांच की अवधि के दौरान संबद्ध वस्तु की तुलना पाटित आयातों के उतराई तथा घरेलू बाजार में घरेलू बिक्री कीमत से की गई। घरेलू उद्योग के निवल बिक्री प्रापण का निर्धारण करने के लिए घरेलू उद्योग द्वारा दिए गए करों, रिबेट, डिस्काउंट्स और कमीशन का समायोजन किया गया है। कीमत अधोविक्रयण क्षति का आकलन करने का एक महत्वपूर्ण संकेतक है और इस प्रकार, प्राधिकारी ने एक गैर क्षतिकारी कीमत का निर्धारण किया तथा उसकी तुलना, कीमत अधोविक्रयण की सीमा पर पहुंचने के लिए उतराई मूल्य से की गई। घरेलू उद्योग के लिए गैर-क्षतिकारी उत्पाद के लिए उत्पादन लागत पर समुचित रूप से विचार करते हुए किया गया।

क) कीमत अधोरदन एवं कीमत अधोविक्रयण

37. कीमत अधोरदन/अधोविक्रयण की जांच निम्नवत की गई है :

कीमत अधोरदन

विवरण	यूनिट	2009-10	2010-11	2011-12	जांच की अवधि
घरेलू उद्योग की निवल बिक्री प्रापण (एनएसआर)	रुपए/एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति		*100*	*106*	*132*	*150*
पाटनरोधी शुल्क के बिना आयातों का उतराई मूल्य	रुपए/एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति		*100*	*110*	*143*	*158*
पाटनरोधी शुल्क सहित आयातों की उतराई कीमत	रुपए/एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति		*100*	*109*	*150*	*173*
पाटनरोधी शुल्क के बिना कीमत अधोरदन	रुपए/एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति		*100*	*87*	*81*	*115*
पाटनरोधी शुल्क सहित कीमत अधोरदन	रुपए/एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति		*100*	*56*	*-183*	*-248*
पाटनरोधी शुल्क रहित कीमत अधोरदन %	%	***	***	***	***
प्रवृत्ति		*100*	*82*	*62*	*77*
पाटनरोधी शुल्क सहित कीमत अधोरदन %	%	***	***	***	***
प्रवृत्ति		*100*	*53*	*-139*	*-166*
पाटनरोधी शुल्क रहित कीमत अधोरदन %	रेंज	***	***	***	***
पाटनरोधी शुल्क सहित कीमत अधोरदन %	रेंज	5-10%	0-5%	-5 to -10%	-5 to -10%

कीमत अधोविक्रयण

घरेलू उद्योग की गैर-क्षतिकारी कीमत	रुपए/एमटी	***
पाटनरोधी शुल्क के बिना उतराई मूल्य	रुपए/एमटी	***
पाटनरोधी शुल्क के बिना कीमत अधोविक्रयण	रुपए/एमटी	***
पाटनरोधी शुल्क के बिना कीमत अधोविक्रयण	%	***
पाटनरोधी शुल्क सहित कीमत अधोविक्रयण रेंज	%	35-45%
पाटनरोधी शुल्क सहित उतराई मूल्य	रुपए/एमटी	***
पाटनरोधी शुल्क सहित कीमत अधोविक्रयण	रुपए/एमटी	***
पाटनरोधी शुल्क सहित कीमत अधोविक्रयण रेंज	%	***
पाटनरोधी शुल्क सहित कीमत अधोविक्रयण	%	5-15%

38. प्राधिकारी नोट करते हैं कि पाटनरोधी शुल्क के बिना आयातों का उतराई मूल्य घरेलू उद्योग के बिक्री मूल्य से बहुत कम है, जिसके कारण भारी कीमत अधोरदन हो रहा है। तथापि, पाटनरोधी शुल्क के साथ, उतराई मूल्य घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत से अधिक है, जिसके परिणामस्वरूप ऋणात्मक कीमत अधोरदन हुआ परंतु वह घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत से कम है। तथापि, पाटनरोधी शुलक के साथ और पाटनरोधी शुल्क के बिना आयातों की उतराई कीमत घरेलू उद्योग की गैर-क्षतिकारी कीमत से बहुत कम है, एतदद्वारा भारी कीमत अधोरदन प्रभाव हुआ है।

(ख) कीमत निग्रहण एवं अवमंदन

39. घरेलू कीमतों पर पाटित आयातों के निग्रहण एवं अवमंदन प्रभाव की जांच करने के लिए घरेलू उद्योग के निवल बिक्री प्रापण की प्रवृत्ति की तुलना बिक्री लागत से की गई। उदधृत आंकड़े यह दर्शाते हैं कि घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत संपूर्ण क्षति अवधि के दौरान इसकी बिक्री लागत से कम रही, इसके परिणामस्वरूप भारी कीमत अधोरदन प्रभाव पड़ा

विवरण	**इकाई**	**2009-10**	**2010-11**	**2011-12**	**जांच की अवधि**
बिक्री लागत	रुपए/एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति		*100*	*111*	*130*	*157*
बिक्री कीमत	रुपए/एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति		*100*	*106*	*129*	*147*
लाभ/हानि	रुपए/एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति		*-100*	*-258*	*-154*	*-427*
आयातों की उतराई कीमत	रुपए/एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति		*100*	*110*	*143*	*158*

च. घरेलू उद्योग के आर्थिक पैरामीटरों पर प्रभाव

40. पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-2 में यह अपेक्षा की जाती है कि क्षति का निर्धारण करने में इन उत्पादों के घरेलू उत्पादों पर इन आयातों के परिणामी प्रभाव की उद्देश्यपरक जांच अंतर्ग्रस्त होगी। इन उत्पादों के घरेलू उत्पादकों पर इन आयातों के परिणामी प्रभाव के संबंध में पाटनरोधी नियमावली में आगे यह प्रावधान किया गया है कि घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच में उन सभी संगत आर्थिक कारकों एवं संकेतकों की उद्देश्यपरक एवं पक्षपात रहित जांच शामिल होगी जिनका उद्योग की स्थिति पर प्रभाव पड़ता है, इनमें शामिल हैं बिक्री, लाभ, आउटपुट, बाजार हिस्सा, उत्पादकता, निवेश पर प्रतिलाभ या क्षमता उपयोग में संभावित एवं वास्तविक

गिरावट; घरेलू उद्योग की कीमतों को प्रभावित करने वाले उपादान, पाटन मार्जिन का परिमाण; नकदी प्रवाह, मालसूची, रोजगार, वेतन, वृद्धि, पूंजी निवेश उगाहने की क्षमता पर वास्तविक एवं संभावित ऋणात्मक प्रभाव।

41. घरेलू उद्योग से संबंधित विभिन्न क्षति पैरामीटरों का वर्णन निम्नलिखित हैं :

(क) क्षमता, उत्पादन, क्षमता उपयोग और बिक्री

42. घरेलू उद्योग की क्षमता, उत्पादन, क्षमता उपभोग और बिक्री मात्रा से संबंधित सूचना निम्नलिखित है :

विवरण	**इकाई**	**2009-10**	**2010-11**	**2011-12**	**जांच की अवधि**
संस्थापित क्षमता	एमटी	6,000	6,000	7,000	7,000
उत्पादन पीयूसी	एमटी	6,453	6,481	6,508	6,517
प्रवृत्ति		*100*	*100*	*101*	*101*
उत्पादन – एनपीयूसी	एमटी	52	52	52	44
कुल उत्पादन	एमटी	6,505	6,533	6,560	6,560
प्रवृत्ति		*100*	*100*	*101*	*101*
क्षमता उपयोग	%	108	109	94	94
प्रवृत्ति		*100*	*100*	*86*	*86*
घरेलू बिक्री मात्रा	एमटी	6,725	6,629	6,518	6,327
प्रवृत्ति		*100*	*99*	*97*	*94*

43. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग की बिक्री मात्रा में, मांग में वृद्धि के बावजूद, क्षति अवधि के दौरान गिरावट आई है। संबंधित उत्पादन की क्षमता में वर्ष 2011-12 में घरेलू उद्योग द्वारा वृद्धि की गई। उत्पादन की मात्रा में क्षति अवधि के दौरान मामूली सी वृद्धि हुई। क्षमता उपयोग में वर्ष 2011-12 में कमी आई और जांच की अवधि में क्षमता में वृद्धि हुई।

44. यह नोट किया जाता है कि घरेलू उद्योग की बिक्री मात्रा में, मांग में वृद्धि के बावजूद, क्षति अवधि के दौरान गिरावट आई है।

(ख) लाभ, लगाई गई पूंजी पर प्रतिलाभ और नकद लाभ

45. घरेलू उद्योग का लाभ, निवेश पर अर्जन तथा नकद लाभ की जांच निम्नवत् की गई है :

विवरण	**इकाई**	**2009-10**	**2010-11**	**2011-12**	***जांच की अवधि***
बिक्री लागत	रुपए/ एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति		*100*	*111*	*130*	*157*
बिक्री कीमत	रुपए/एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति		*100*	*106*	*129*	*147*
प्रति यूनिट लाभ/हानि	रुपए/एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति		*(100)*	*(258)*	*(154)*	*(427)*
लाभ/हानि	लाख रुपए	***	***	***	***

प्रवृत्ति		*(100)*	*(255)*	*(150)*	*(402)*
पीबीआईटी	लाख रुपए	***	***	***	***
प्रवृत्ति		*(100)*	*(221)*	*(126)*	*(359)*
नकद लाभ	लाख रुपए	***	***	***	***
प्रवृत्ति		*(100)*	*(410)*	*(205)*	*(707)*
नियोजित पूंजी पर प्रतिलाभ (एनएफए आधार)	%	***	***	***	***
प्रवृत्ति		*(100)*	*(273)*	*(121)*	*(265)*

46. उपर्युक्त से प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि :

(i) घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत और बिक्री लागत दोनों में क्षति अवधि में वृद्धि हुई। तथापि घरेलू उद्योग की बिक्री लागत में वृद्धि कीमत में हुई वृद्धि की तुलना में अधिक थी।

(ii) संपूर्ण क्षति अवधि में लाभप्रदता ऋणात्मक रही। याचिकाकर्ता ने दावा किया है कि विगत में तथा चालू क्षति अवधि में यह क्षति पाटित आयातों द्वारा अनुप्रमाणित हुई है। जांच की अवधि में लाभप्रदता काफी विपरीत रही।

(iii) लाभ, नकद लाभ, कर एवं ब्याज पूर्व लाभ और नियोजित पूंजी पर प्रतिलाभ ने भी लाभप्रदता की प्रवृत्ति का ही अनुपालन किया। संपूर्ण क्षति अवधि के दौरान यह सभी पैरामीटर ऋणात्मक रहे।

(iv) यह स्पष्ट है कि घरेलू उद्योग को लाभ से संबंधित पैरामीटरों के संबंध में निरंतर क्षति हो रही है। इन पैरामीटरों के संबंध में उद्योग की स्थिति में वर्तमान स्रोत से पाटन के अलावा नवीन स्रोत से पाटन होने के कारण जांच की अवधि में भारी गिरावट आई है।

(ग) वेतन एवं रोजगार

47. घरेलू उद्योग के रोजगार स्तर एवं वेतन की स्थिति निम्नलिखित है :

विवरण	इकाई	2009-10	2010-11	2011-12	जांच की अवधि
रोजगार	संख्या	67	67	67	67
वेतन एवं पारिश्रमिक	लाख रुपए	***	***	***	***

48. उपर्युक्त से यह नोट किया जाता है कि क्षति अवधि के रोजगार स्तर स्थिर बना रहा। ऐसा क्षमता एवं उत्पादन में वृद्धि के बावजूद हुआ है। क्षति अवधि में वेतन एवं पारिश्रमिक में वृद्धि हुई।

(घ) उत्पादकता

49. घरेलू उद्योग की उत्पादकता की स्थिति निम्नलिखित है :

विवरण	इकाई	2009-10	2010-11	2011-12	जांच की अवधि
उत्पादकता प्रति कर्मचारी	एमटी	97.10	97.51	97.91	97.92
उत्पादकता प्रतिदिन	एमटी	18.59	18.67	18.74	18.74

50. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि उत्पादकता प्रति कर्मचारी और उत्पादकता प्रतिदिन संपूर्ण क्षति अवधि में समान स्तर पर बने रहे।

(ड.) मालसूची

51. प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग के मालसूची स्तर की जांच की है जो अधोलिखित तालिका में दी गई है :

विवरण	**इकाई**	2009-10	2010-11	2011-12	**जांच की अवधि**
औसत स्टॉक	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति		*100*	*30*	*1*	*112*

52. उपर्युक्त तालिका में यह नोट किया जाता है कि घरेलू उद्योग की मालसूची में वर्ष 2011-12 तक गिरावट आई और उसमें जांच की अवधि में भारी वृद्धि हुई। इसके अतिरिक्त इसमें आधार वर्ष की तुलना में जांच की अवधि में वृद्धि हुई है।

(च) पाटन की मात्रा

53. पाटन की मात्रा, जो इस बात का संकेतक है कि पाटित आयातों द्वारा घरेलू उद्योग को किस सीमा तक क्षति पहुंचाई जा सकती है, दर्शाती है कि जांच की अवधि में संबद्ध देश के विरुद्ध निर्धारित पाटन मार्जिन न्यूनतम से अधिक ही नहीं बल्कि बहुत अधिक है।

(छ) पूंजी उगाहने की क्षमता

54. आवेदक ने यह तर्क दिया है कि वर्तमान कार्य स्थितियों में जब लगातार पाटन के कारण उत्पाद निरंतर रूप से ठीक से निष्पादन नहीं कर रहा है, किसी नवीन निवेश की प्रकल्पना नहीं की जा सकती है। तथापि, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि पाटन की स्थिति में पूंजी निवेश उगाहने की क्षमता संगत नहीं है क्योंकि घरेलू उद्योग एक बहुउत्पाद कंपनी है।

ज) वृद्धि

55. घरेलू उद्योग के विकास के संबंध में स्थिति निम्नवत् है :

विवरण	**इकाई**	**2009-10**	**2010-11**	**2011-12**	**जांच की अवधि**
उत्पादन	%	-	0.43	0.42	0.13
घरेलू बिक्री	%	-	-1.43	-1.68	-2.93
मालसूची	%	-	-69.81	-95.32	7,826
प्रति एमटी	%	-	-158	40	-177
निवेश पर अर्जन (एनएफए)	%	-	-7.37	6.48	-6.14

